भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1978

शुक्रवार, 17 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए
औद्योगिक विकास केन्द्र

1978 श्री नीरज डांगी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में औद्योगिक विकास केन्द्रों का ब्यौरा क्या है और क्या सरकार देश में और अधिक औद्योगिक विकास केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी स्थान-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष देश के औद्योगिक क्षेत्र के निर्यात और आयात का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और सकल घरेलू उत्पाद में उनकी हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा औद्योगिक उत्पादन और विकास को दुरुस्त करने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) और (ख): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग 'औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन योजना (आईआईयूएस)/संशोधित आईआईयूएस (एमआईआईयूएस)' के जरिए औद्योगिक विकास केंद्रों की सहायता करता है। नई परियोजनाओं के लिए यह स्कीम 31 मार्च, 2017 को समाप्त हो गई है। स्कीम के तहत स्वीकृत 58 परियोजनाओं की राज्य-वार विस्तृत सूची संलग्न है **(अनुबंध-I)**।

विभाग राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरीडोर कार्यक्रम के भाग के रूप में, औद्योगिक कॉरीडोर परियोजनाओं का विकास कर रहा है जिसका उद्देश्य भारत में ऐसे भविष्योन्मुखी औद्योगिक क्षेत्रों/नोड्स का विकास करना है जो दुनिया में सर्वश्रेष्ठ विनिर्माण और निवेश स्थलों से प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंतरिक मुख्य अवसंरचना का निर्माण करते हुए आर्थिक नोड्स के लिए मल्टी मॉडल अवसंरचना कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है जिसमें 'प्लग एंड प्ले' सुविधाओं सहित सामान्य अवसंरचना सुविधाओं का निर्माण शामिल है।

ऐसे निम्नलिखित चार आर्थिक नोड्स/परियोजनाओं में, लगभग 1197 एकड़ के कुल 227 भूखंड कंपनियों को आबंटित किए गए हैं:

i. औद्योगिक टाउनशिप (आईआईटीजीएन), ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश
ii. एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप (आईआईटीवीयूएल), विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन, मध्य प्रदेश
iii. धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर), गुजरात
iv. शेन्द्रा बिदकिन औद्योगिक क्षेत्र (एयूआरआईसी), औरंगाबाद

चार अन्य आर्थिक नोड्स/परियोजनाओं में कार्य कार्यान्वयन चरण में है:

i. एकीकृत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब - नांगल चौधरी, हरियाणा
ii. मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमएलएच और एमएमटीएच), ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश
iii. कृष्णापट्टनम औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश
iv. तुमकुरु औद्योगिक क्षेत्र, कर्नाटक

(ग) : पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2019-20 से 2021-22 के दौरान व्यापारिक माल के निर्यात और आयात तथा सकल घरेलू उत्पाद में उनके हिस्से का ब्यौरा निम्नानुसार है:

तालिका I: व्यापारिक आयात और निर्यात का मूल्य तथा जीडीपी में उनका हिस्सा

(करोड़ रूपए)

क्र. सं.	**वर्ष**	**व्यापारिक निर्यात**	**व्यापारिक आयात**	**जीडीपी**	**जीडीपी में निर्यात का % हिस्सा**	**जीडीपी में निर्यात का % हिस्सा**
1	2019-	22,19,854.18	33,60,954.4	2,00,74,8	11.06	16.74
2	2020-	21,59,043.22	29,15,957.7	1,98,00,91	10.90	14.73
3	2021-	31,47,021.49	45,72,774.5	2,36,64,6	13.30	19.32

स्रोत: एमओएसपीआई और वाणिज्य विभाग, वर्ष 2021-22 के लिए जीडीपी अनंतिम अनुमानों पर और वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी संशोधित अनुमान पर आधारित है।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वार्षिक जीडीपी में आयात और निर्यात का प्रमुख मद-वार प्रतिशत हिस्सा (वर्तमान मूल्य पर) संलग्न है **(अनुबंध-II)**।

(घ) : सरकार ने औद्योगिक उत्पादन और विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जिनमें वस्तु और सेवा कर की शुरूआत, कॉर्पोरेट कर में कमी, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनस में सुधार के लिए कार्यक्रम, अनुपालन बोझ को कम करने के उपाय, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक अधिप्राप्ति आदेशों के जरिए नीतिगत उपाय, चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी), एफडीआई नीति में सुधार, उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन स्कीमें शामिल हैं। सरकार ने राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) और राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत निवेश के अवसरों का सृजन करके, राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) शुरू करके अवसंरचना विकास पर भी फोकस किया है। सरकार ने लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने तथा अर्थव्यवस्था की कुशलता को बढ़ाने हेतु अवसंरचना विकास तथा अंतिम छोर तक संपर्क सुविधा में सहायता करने के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और लॉजिस्टिक्स नीति भी कार्यान्वित की है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 17.03.3023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1978 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आईआईयूएस/एमआईआईयूएस के तहत औद्योगिक क्लस्टरों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य	आईआईयूएस/एमआईआईयूएस के तहत औद्योगिक क्लस्टरों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	3
2.	असम	1
3.	छत्तीसगढ़	3
4.	गुजरात	5
5.	हरियाणा	2
6.	हिमाचल प्रदेश	3
7.	जम्मू और कश्मीर	1
8.	झारखंड	2
9.	कर्नाटक	3
10.	केरल	2
11.	महाराष्ट्र	5
12.	मिजोरम	1
13.	मध्य प्रदेश	6
14.	ओडिशा	3
15.	पंजाब	2
16.	राजस्थान	1
17.	तमिलनाडु	7
18.	तेलंगाना	2
19.	त्रिपुरा	2
20.	उत्तर प्रदेश	1
21.	पश्चिम बंगाल	3
	कुल	**58**

दिनांक 17.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1978 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वार्षिक जीडीपी में निर्यात का प्रमुख मद-वार प्रतिशत हिस्सा (वर्तमान कीमतों पर)

□□□. □□.	□□ □□□□	□□□□□□□□□ □□□□□□□		
		2019-20	**2020-21**	**2021-22**
1	चाय	0.03	0.03	0.02
2	कॉफी	0.03	0.03	0.03
3	चावल	0.23	0.33	0.30
4	अन्य अनाज	0.01	0.03	0.03
5	तंबाकू	0.03	0.03	0.03
6	मसाले	0.13	0.15	0.12
7	काजू	0.02	0.02	0.01
8	खली	0.03	0.06	0.03
9	तिलहन	0.05	0.05	0.04
10	फल व सब्जियां	0.08	0.10	0.09
11	अनाज से बनी वस्तुएं तथा विविध प्रसंस्कृत सामान	0.05	0.07	0.07
12	समुद्री उत्पाद	0.24	0.22	0.24
13	मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पाद	0.13	0.14	0.13
14	लौह अयस्क	0.09	0.18	0.10
15	अभ्रक, कोयला और प्रसंस्कृत खनिजों सहित अन्य अयस्क और खनिज	0.14	0.16	0.16
16	चमड़ा और चमड़ा विनिर्माण	0.16	0.12	0.14
17	सिरेमिक उतपाद और कांच से बना सामान	0.10	0.11	0.11
18	रत्न और आभूषण	1.27	0.97	1.23
19	ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स	0.73	0.92	0.77
20	जैविक और अजैविक रसायन	0.78	0.83	0.93
21	इंजीनियरिंग वस्तुएं	2.78	2.87	3.53
22	इले क्ट्रॉनिक वस्तुएं	0.41	0.41	0.49
23	सूती धागे/कपड़ा/मेडअप, हथकरघा उत्पाद आदि	0.35	0.37	0.48
24	मानव नि र्मित धागे/कपड़ा/मेडअप आदि	0.17	0.14	0.18
25	शेष सभी वस्त्र	0.55	0.46	0.50
26	फ्लोर कवरिंग सहित जूट विनिर्माण	0.01	0.01	0.02
27	कालीन	0.05	0.06	0.06
28	हाथ से बने कालीनों को छोड़कर हस्थशिल्प	0.06	0.06	0.07
29	पेट्रोलियम उत्पाद	1.46	0.96	2.13
30	प्लास्टिक और लिनोलियम	0.27	0.28	0.31
31	अन्य	0.63	0.74	0.92
व्यापारिक निर्यात का कुल हिस्सा		**11.06**	**10.90**	**13.30**
सकल घरेलू उत्पाद (करोड़ रूपए में)		**200,74,856**	**198,00,914**	**236,64,637**

स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और एमओएसपीआई
नोट: आरई: संशोधित अनुमान, पीई: अनंतिम अनुमान

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वार्षिक जीडीपी में आयात का प्रमुख मद-वार प्रतिशत हिस्सा (वर्तमान कीमतों पर)

क्र.सं.	मद समूह	व्यापारिक आयात		
		2019-20	2020-21	2021-22
1	सूत कच्चा और अपशिष्ट	0.05	0.01	0.02
2	वनस्पति तेल	0.34	0.41	0.60
3	दालें	0.05	0.06	0.07
4	फल और सब्जियां	0.08	0.08	0.08
5	लुगदी और अपशिष्ट कागज	0.04	0.03	0.05
6	वस्त्र धागे कपड़ा, इससे बना सामान	0.07	0.06	0.07
7	उर्वरक, कच्चा और विनिर्मित	0.26	0.28	0.45
8	सल्फर और अनरोस्टिड आयरन पाट्र्स	0.00	0.01	0.01
9	मेटलीफेरस अयस्क और अन्य खनिज	0.18	0.17	0.28
10	कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि	0.79	0.61	1.00
11	पेट्रोलियम, कच्चा और उत्पाद	4.61	3.09	5.10
12	लकड़ी और लकड़ी से बने उत्पाद	0.20	0.17	0.19
13	चमड़ा और चमड़े से बने उत्पाद	0.04	0.02	0.03
14	जैविक और अजैविक रसायन	0.73	0.74	0.95
15	रंगाई/टैनिंग/रंगाई का सामान	0.10	0.10	0.12
16	कृत्रिम रेजिन, प्लास्टिक का सामान आदि	0.52	0.50	0.64
17	रासायनिक सामान और उत्पाद	0.27	0.32	0.35
18	न्यूजप्रिंट	0.02	0.01	0.01
19	मोती, कीमती और अर्ध कीमती पत्थर	0.79	0.70	0.98
20	लोहा और इस्पात	0.54	0.45	0.55
21	नॉन-फैरस धातुएं	0.46	0.44	0.55
22	मशीन टूल	0.15	0.12	0.13
23	मशीनरी, इलेक्ट्रिकल और गैर-इलेक्ट्रिकल	1.33	1.12	1.26
24	परिवहन उपकरण	0.89	0.70	0.66
25	परियोजना का सामान	0.07	0.06	0.04
26	पेशेवर उपकरण, ऑप्टिकल वस्तुएं आदि	0.18	0.17	0.20
27	इलेक्ट्रिक वस्तुएं	1.92	2.03	2.32
28	मेडिकल और फार्मास्युटिकल उत्पाद	0.23	0.26	0.29
29	सोना	0.99	1.28	1.45
30	चांदी	0.10	0.03	0.10
31	अन्य	0.75	0.69	0.76
व्यापारिक आयात का कुल हिस्सा		**16.74**	**14.73**	**19.32**
सकल घरेलू उत्पाद (करोड़ रूपए में)		**200,74,856**	**198,00,914**	**236,64,637**

स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और एमओएसपीआई
नोट: आरई: संशोधित अनुमान, पीई: अनंतिम अनुमान

******